**डॉ. के. श्रीनिवासराव**
**सचिव**
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

**साहित्य अकादेमी**
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ / 37 / पीआर / 2019 दिनांक : 21 जनवरी 2020

**प्रेस विज्ञप्ति**

**प्रकाशन / प्रसारण के लिए**

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2019 (नेपाली)

नई दिल्ली 21 जनवरी 2020। साहित्य अकादेमी नेपाली भाषा में साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2019 श्री सलोन कार्थक को उनके यात्रा–वृत्तांत 'विस्व एउटा पल्लो गाउँ' को दिए जाने की घोषणा करती है।

पुस्तक का चयन त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए किया है। नियमानुसार निर्णायकों के बहुमत अथवा सर्वसम्मति के आधार पर पुरस्कार की घोषणा होती है। निर्णायक मंडल के सदस्य जिन्होंने पुरस्कार की अनुशंसा की उनके नाम हैं – श्री इंद्र बहादुर गुरूंग, डॉ. शांति थापा एवं डॉ. कृष्णराज घतानी। पुरस्कार के रूप में एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपए की राशि पुरस्कृत लेखक को दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह (साहित्योत्सव) में 25 फ़रवरी 2020 को दी जाएगी।

(के. श्रीनिवासराव)

**रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली**-110 001, **दूरभाष :** +91-11-2338 7064, 2307 3002, **फैक्स :** +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली–110001
दूरभाष : +91-11-23386626-28, फ़ैक्स : +91-11-23382428
ई-मेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in
वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi–110001
Phone: +91-11-23386626-28, Fax: +91-11-23382428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in
Website: http://www.sahitya-akademi.gov.in

**डॉ. के. श्रीनिवासराव**
**सचिव**

सा.अ./61/19/सा.अ.पु./प्रे.वि./ — 18 दिसंबर 2019

**प्रकाशन/प्रसारण हेतु जारी**

## प्रेस विज्ञप्ति
## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2019 घोषित

नई दिल्ली, 18 दिसंबर 2019; साहित्य अकादेमी ने आज 23 भाषाओं में अपने वार्षिक साहित्य अकादेमी पुरस्कार की घोषणा की। सात कविता–संग्रह, चार उपन्यास, छह कहानी–संग्रह, तीन निबंध संग्रह, एक–एक कथेतर गद्य, आत्मकथा और जीवनी के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार घोषित किए गए।

पुरस्कारों की अनुशंसा 23 भारतीय भाषाओं की निर्णायक समितियों द्वारा की गई तथा साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता में आयोजित अकादेमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में आज इन्हें अनुमोदित किया गया।

सात कविता–संग्रहों के लिए इन्हें पुरस्कृत किया गया : डॉ. फुकन चन्द्र बसुमतारी (बोडो), डॉ. नन्दकिशोर आचार्य (हिंदी), श्री निलबा आ. खांडेकार (कोंकणी), श्री कुमार मनीष अरविन्द (मैथिली), श्री वी. मधुसूदनन नायर (मलयाळम्), श्रीमती अनुराधा पाटील (मराठी) एवं प्रो. पेन्ना–मधुसूदनः (संस्कृत)।

चार उपन्यासों के लिए इन्हें पुरस्कृत किया गया : डॉ. जयश्री गोस्वामी महंत (असमिया), श्री एल. बीरमंगल सिंह (बेरील थांगा) (मणिपुरी), श्री चो. धर्मन (तमिळ) एवं श्री बंदि नारायणा स्वामी (तेलुगु)।

छह कहानी–संग्रहों के लिए इन्हें पुरस्कृत किया गया : श्री अब्दुल अहद हाज़िनी (कश्मीरी), श्री तरुण कांति मिश्र (ओड़िया), श्री किरपाल कज़ाक (पंजाबी), श्री रामस्वरूप किसान (राजस्थानी), श्री काली चरण हेम्ब्रम (संताली) एवं श्री ईश्वर मूरजाणी (सिंधी)।

डॉ. शशि थरूर (अंग्रेजी), डॉ. विजया (कन्नड) एवं प्रो. शाफ़े किदवई (उर्दू) को क्रमशः सृजनात्मक कथेतर गद्य, आत्मकथा एवं जीवनी के लिए पुरस्कृत किया गया। तीन निबंध–संग्रहों के लिए इन्हें पुरस्कृत किया गया : डॉ. चिन्मय गुह (बाङ्ला), श्री ओम शर्मा 'जन्द्रयाड़ी' (डोगरी) एवं श्री रतिलाल बोरीसागर (गुजराती)।

इन पुस्तकों को संबंधित भाषा के त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन–प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरस्कार के लिए चुना है। नियमानुसार कार्यकारी मंडल ने निर्णायकों के बहुमत के आधार पर अथवा सर्वसम्मति के आधार पर चयनित पुस्तकों के लिए आज पुरस्कारों की घोषणा की है। पुरस्कार 1 जनवरी 2013 से 31 दिसम्बर 2017 के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिया गया है।

साहित्य अकादेमी पुरस्कार के रूप में एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपये की राशि प्रदान करेगी। घोषित पुरस्कार 25 फ़रवरी 2020 को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह (साहित्योत्सव) में दिए जाएँगे।

(के. श्रीनिवासराव)

**संलग्नक :** पुरस्कार के लिए चुने गए रचनाकारों की सूची 'क'
निर्णायक मंडल के सदस्यों की सूची 'ख'

अनुलग्नक 'क'

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2019

| भाषा | पुस्तक एवं विधा | लेखक |
|---|---|---|
| असमिया | चाणक्य (उपन्यास) | जयश्री गोस्वामी महंत |
| बाड्ला | घुमेर दरजा ठेले (निबंध) | चिन्मय गुह |
| बोडो | आखाइ आथुमनिफ्राय (कविता) | फुकन चन्द्र बसुमतारी |
| डोगरी | बंदरालता दर्पण (निबंध) | ओम शर्मा 'जन्द्रयाड़ी' |
| अंग्रेजी | एन एरा ऑफ़ डार्कनेस (कथेतर गद्य) | शशि थरूर |
| गुजराती | मोजमा रे'वुं रे ! (निबंध) | रतिलाल बोरीसागर |
| हिंदी | छीलते हुए अपने को (कविता) | नन्दकिशोर आचार्य |
| कन्नड | कुड़ी एसारू (आत्मकथा) | विजया |
| कश्मीरी | अख़ याद अख़ कयामत (कहानी संग्रह) | अब्दुल अहद हाज़िनी |
| कोंकणी | ध वर्डस् (कविता) | निलबा आ. खांडेकार |
| मैथिली | जिनगीक ओरिआओन करैत (कविता) | कुमार मनीष अरविन्द |
| मलयाळम् | अचन पिरन्ना वीदु (कविता) | वी. मधुसूदनन नायर |
| मणिपुरी | ऐ अमदी अदुङैगी इथत (उपन्यास) | बेरील थांगा (एल. बीरमंगल सिंह) |
| मराठी | कदाचित अजूनही (कविता) | अनुराधा पाटील |
| ओड़िया | भास्वती (कहानी संग्रह) | तरुण कांति मिश्र . |
| पंजाबी | अंतहीन (कहानी संग्रह) | किरपाल कज़ाक |
| राजस्थानी | बारीक बात (कहानी संग्रह) | रामस्वरूप किसान |
| संस्कृत | प्रज्ञाचाक्षुषम् (कविता) | पेन्ना–मधुसूदनः |
| संताली | सिसिरजाली (कहानी संग्रह) | काली चरण हेम्ब्रम |
| सिंधी | जीजल (कहानी संग्रह) | ईश्वर मूरजाणी |
| तमिळ | सूल (उपन्यास) | चो. धर्मन |
| तेलुगु | सेप्ताभूमि (उपन्यास) | बंदि नारायणा स्वामी |
| उर्दू | सवनेह–ए–सर सैयद : एक बाज़दीद (जीवनी) | शाफ़े किदवई |

नेपाली भाषा मे पुरस्कार बाद में घोषित किया जाएगा।

अनुलग्नक 'ख'

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2019 के निर्णायक मंडलों के सदस्य

| | |
|---|---|
| **असमिया**<br>• डॉ. बसंत भट्टाचार्य<br>• श्री गगन च. अधिकारी<br>• प्रो. उमेश डेका | **बाङ्ला**<br>• सुश्री बानी बासू<br>• श्री पवित्रा मुखोपाध्याय<br>• श्री उषारंजन भट्टाचार्य |
| **बोडो**<br>• श्री नबीन मल्ला बोरो<br>• डॉ. रीता बरो<br>• श्री यू.जी. ब्रम्हा | **डोगरी**<br>• श्रीमती पद्मा सचदेव<br>• प्रो. शशि पठानिया<br>• डॉ. नरसिंह देव जम्वाल |
| **अंग्रेज़ी**<br>• डॉ. जी.एन. देवी<br>• प्रो. के. सचिदानंदन<br>• प्रो. सुकांता चौधरी | **गुजराती**<br>• श्रीमती अनीला ए. दलाल<br>• श्री हासु याज्ञिक<br>• श्री हर्षद त्रिवेदी |
| **हिंदी**<br>• श्री लीलाधर जगूड़ी<br>• श्री नंद भारद्वाज<br>• प्रो. रतन कुमार पाण्डेय | **कन्नड**<br>• श्री बी.आर. लक्ष्मण राव<br>• डॉ. ना. दमोदरा शेट्टी<br>• लता गुट्टी |
| **कश्मीरी**<br>• श्री फयाज तिलगामी<br>• प्रो. मोहम्मद ज़मन अजुरदाह<br>• श्री फरूक नाजकी | **कोंकणी**<br>• श्री गजानन जोग<br>• श्रीमती मीना ककोढकर<br>• श्री प्रकाश डी. पाडगांवकर |
| **मैथिली**<br>• प्रो. अमरनाथ झा<br>• श्रीमती वीणा ठाकुर<br>• डॉ. राजकुमार झा | **मलयाळम्**<br>• डॉ. चंद्रमती<br>• श्री एन.एस. माध्वन<br>• प्रो. एम. थौमस मैथ्यू |
| **मणिपुरी**<br>• डॉ. मौयरैंगथम प्रियोब्रता सिंह<br>• प्रो. एच. बिहारी सिंह<br>• प्रो. नहाकपम अरूणा देवी | **मराठी**<br>• डॉ. आशाराम लोमते<br>• श्री लक्ष्मण मने<br>• श्री वासूदेव सावंत |
| **ओड़िया**<br>• डॉ. मालाबिका राय<br>• डॉ. फनी मोहंती<br>• डॉ. प्रफुल्ला कुमार मोहंती | **पंजाबी**<br>• डॉ. आतमजीत<br>• श्री दर्शन सिंह बुट्टर<br>• श्री मनमोहन सिंह दाउन |
| **राजस्थानी**<br>• श्री अम्बिका दत्त चतुर्वेदी<br>• श्री सी.एल. सांखला<br>• प्रो. अर्जुन देव चारण | **संस्कृत**<br>• प्रो. एच.के. सतपथी<br>• डॉ. सत्यनारायण चक्रवर्ती<br>• प्रो. पी.सी. मुरलीमाधवन |
| **संताली**<br>• श्री अर्जुन चारण हेमब्रम<br>• श्री भुजंग टुडु<br>• श्री गंगाधर हांसदा | **सिंधी**<br>• श्री ढ़ोलन राही<br>• डॉ. निर्मल असनानी<br>• प्रो. विषू बेलानी |
| **तमिळ**<br>• श्री पुवियारसु<br>• डॉ. के. चेल्लपन<br>• श्रीमती शिवशंकरी | **तेलुगु**<br>• श्री केतू विष्वानाधा रेड्डी<br>• श्री सीला विराजू<br>• डॉ. वी. चिन्नावीरा बध्रूडू |
| **उर्दू**<br>• श्री जानकी प्रसाद शर्मा<br>• श्री मैहर मंसूर<br>• श्री मोहम्द खलील | |